दक्षिण पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी का कार्यालय

दिनांक 01.04.2020 रांची मंडल

अधिसूचना संख्या <u>02/20(Med.) PM-2020</u>

सन्दर्भ:- रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)/II/2005/RC-4/SC/2 नयी दिल्ली दिनांक 28.03.2020 तथा 31.03.2020

रांची मंडल दक्षिण पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग के लिए पैरामेडिकल पदों पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु इंटरव्यू

<<<>>>

कोविड - 19 के प्रसार से उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपातकालीन स्थिति तथा पर्याप्त तैयारी के लिए यह तय किया गया है कि रांची मंडल द.पू रेलवे के मेडिकल विभाग के लिए निम्नलिखित पैरामेडिकल पदों पर अनुबंध के आधार पर तीन (03) महीने के लिए नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक /योग्य उम्मीदवार संलग्न प्रारूप में आवेदन पत्र ईमेल के द्वारा इन ईमेल एड्रेस srdporanchi@gmail.com **या** dpo@rnc.railnet.gov.in पर दिनांक **03.04.2020** के **22.00** बजे के पहले भेज सकते हैं

पद	संख्या	01-04-2020 तक उम्र सीमा	मासिक मानदेय
स्टाफ नर्स	**15**	**20-40 साल**	**रु. 44,900/- सातवें वेतन आयोग के लेवल 7 तथा देय भत्ता**
हॉस्पिटल अटेंडेंट	**10**	**18-33 साल**	**रु. 18,000/- सातवें वेतन आयोग के लेवल 1 तथा देय भत्ता**

<u>योग्यता</u>

(1) स्टाफ नर्स: रजिस्टर्ड नर्स एवं मिडवाइफ का सर्टिफिकेट होने के साथ जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी में 3 वर्षीय कोर्स पास या बीएससी (नर्सिंग) इंडियन नर्सिंग कौंसिल से मान्यता प्राप्त संस्थान से। **<u>आई सी यू में वेंटिलेटर के संचालन के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी</u>**

(2) हॉस्पिटल अटेंडेंट: दसवीं पास या समकक्ष . **<u>केवल वही उम्मीदवार आवेदन करें जिनके पास किसी स्थापित एवं प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में कार्य करने का अनुभव हो संभवत आई सी यू में</u>**

<u>सामान्य नियम एवं शर्तें :-</u>

1) नियुक्ति पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर तीन (3) महीने के लिए होगी.
2) किसी भी पक्ष द्वारा पंद्रह (15) दिन के नोटिस पर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। रेलवे प्रशासन को अधिकार है की वो कभी भी 15 दिन के नोटिस पर नियुक्ति समाप्त कर सकती है बिना किसी कारण बताये।
3) अनुबंध के आधार पर ये नियुक्ति नियमितीकरण या स्थायी नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं देती है।
4) भुगतान पूरी तरह नो वर्क नो पे के सिद्धांत पर होगा

<u>आवेदन तथा इंटरव्यू देने की प्रक्रिया:-</u>

1) कृपया अपने आवेदन में सारे दस्तावेज और प्रमाण पत्र तथा कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करें एवं स्कैन तथा हस्ताक्षर कर के ईमेल द्वारा बताये गए ईमेल एड्रेस पे भेज दें. दें। ईमेल द्वारा आवेदन देने की सूचना एस एम् एस/ व्हाट्सप्प (sms/whatspp) द्वारा मोबाइल नो. 7542029003पर अवश्य दें। उम्मीदवारों के पास व्हाट्सप्प नंबर अवश्य होना चाहिए

2) जितने भी आवेदन ईमेल द्वारा प्राप्त होंगे उसकी सूची दिनांक 03.04.2020 के 13:00 बजे तक वेबसाइट पर डाल दी जाएगीi वेबसाइट का पता है www.ser.indianrailways.gov.in (go to Division > Ranchi > Department > Personnel > Notification)

3) **<u>योग्य उम्मीदवारों का इंटरव्यू व्हाट्सप्प वीडियो कॉल (whatsapp video call) के माध्यम से लिया जायेगा</u> @ फ़ोन नंबर 7542029003 दिनांक 04.04.2020 से समय 15:00 बजे से आगे ।** कृपया नोट करें कॉल हमारी तरफ से किया जायेगा। जब तक विशेष रूप से कहा न जाये तब तक कॉल न करें।

अपने आवेदन में व्हाट्सप्प नंबर (whatsapp no.) देना अनिवार्य है

4) उम्मीदवारों की संख्या के अनुसार इंटरव्यू एक से ज्यादा दिन भी चल सकता है

<u>नोट :-</u>

(i) नियमों एवं शर्तों तथा देय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी चयन हो जाने के बाद दी जाएगी

(ii) **प्रशासन के ये अधिकार है की वह कभी भी,बिना किसी कारण बताये इस अधिसूचना को संशोधित या वापिस ले सकता है या ये नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी चरण पे रोक सकता है।**

(iii) किसी भी नयी या परिवर्तित जानकारी के लिए कृपया नियमित रूप से वेबसाइट चेक करते रहें **www.ser.indianrailways.gov.in (go to Division > Ranchi > Department > Personnel > Notification)**

(sd/-)

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी

रांची मंड

अनुबंध पर पैरामेडिकल पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन इंटरव्यू के लिए आवेदन का प्रारूप
व्हाट्सप्प वीडियो कॉल(Whatsapp video call)के द्वारा इंटरव्यू कोविड -19 के प्रसार के कारण

मंडल रेल प्रबंधक,
दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल-हटिया

पद ____________________के लिए आवेदन

<table>
<tr><td>1.</td><td>व्हाट्सप्प मोबाइल नंबर (whatsapp mobile no.)</td><td></td><td rowspan="4">सेल्फ अटेस्टेड पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ</td></tr>
<tr><td>2</td><td>नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>पिता/पति का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>4</td><td>जन्म तिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td>5</td><td>01.04.2020 को उम्र</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>6</td><td>स्थायी पता</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>7</td><td>पत्राचार का पता वैकल्पिक मोबाइल नंबर</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>8</td><td>ईमेल</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>9</td><td>पैन</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>10</td><td>आधार</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>11</td><td>शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>12</td><td>तकनीकी योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>13</td><td>अन्य योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>14.</td><td>कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>15,</td><td>अन्य कोई विवरण</td><td colspan="2"></td></tr>
</table>

घोषणा

मैं एतद ये घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गयी सारी जानकारी बिकुल सही है मैं ये अच्छी तरह जानता/जानती हूँ कि गलत जानकारी देने से मेरा अनुबंध समाप्त किया जा सकता है तथा मुझपर कानूनी कार्यवाही हो सकती है

दिनांक

स्थान **नाम तथा हस्ताक्षर**